





# नौकरी के आखरी 28 महीने भी पहले दिन की तरह निभाए चौहान ने

## 42 साल की नौकरी से बिना विवाद, बिना आरोप के विदा हुए एसडीओपी

**शाजापुर, 31 दिसंबर.** शाजापुर पुलिस महक मे में आज तीन पुलिस अधिकारियों की शासकीय सेवा से विदाई हुई. अधिकारी आते हैं, जाते हैं, लेकिन कुछ अधिकारी अपने कार्यकाल की एक अलग छाप छोड़ते हैं. 28 महीने तक इस राजनीतिक परिदृश्य में बिना किसी विवाद, बिना किसी आरोप के सेवानिवृत्त हुए शाजापुर एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान. चाहे शहर में कानून व्यवस्था की बात हो या मक्सी में साम्प्रदायिक का मामला हो. उसी शिद्दत से उन्होंने कानून व्यवस्था के लिए काम किया, जैसे कोई नया अधिकारी अपनी नौकरी के पहले दिन करता है. जबकि वो नौकरी के उस पड़ाव पर थे कि चंद महीने बाद ही उन्हें सेवानिवृत्त होना था, लेकिन मक्सी के साम्प्रदायिक विवाद में जिस तरीके से मक्सी की शांति के लिए उनके प्रयास और जिले की कानून व्यवस्था को बहाल करने में उनका सराहनीय योगदान रहा.

### नौकरी के आखरी दिन भी कर्तव्य पर डटे रहे...

31 दिसंबर को एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान की सेवानिवृत्ति का दिन मुकर्रर था, लेकिन वे एक दिन पहले तक फ्लैग मार्च में शामिल हुए और नए साल के आगमन पर कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहे. यहां तक कि सेवानिवृत्ति के चंद घंटे पहले भी वे रोज की तरह एसपी के आरटी कॉल में शामिल रहे. ये उनकी पुलिस के प्रति कर्तव्यपरायणता और नागरिकों के प्रति जवाबदेही का उदाहरण है.



शाजापुर पुलिस कंट्रोल रूम पर उनके विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अलावा यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक और थाना प्रभारी मौजूद थे. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान की कार्यप्रणाली और पुलिस के प्रति समर्पण भावना और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने वाले अधिकारी के रूप में उन्हें याद किया. विदाई समारोह में एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान ने कहा कि 42 साल की नौकरी में उन्हें मुखिया के तौर पर जो एसपी मिले, उसमें एक एसपी उनके नौकरी की शुरुआती तौर पर मिले थे और एक आज संवेदनशील एसपी के रूप में यशपाल सिंह राजपूत सेवानिवृत्ति के वक्त मिले. एसडीओपी ने कहा कि शाजापुर के नागरिक, राजनीतिक दल के नेता, जनप्रतिनिधि और मीडिया व पुलिस महकमे के स्टाफ का जो उन्हें सहयोग इन 28 महीनों में मिला है, उसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे. शाजापुर शहर के हर नागरिक ने हर जनप्रतिनिधि ने कानून व्यवस्था का मामला हो, धार्मिक, सामाजिक सद्भाव की बात हो, सभी लोगों ने सहयोग किया. यही कारण है कि 28 महीने के कार्यकाल में किसी भी मुद्दे पर उनका किसी से भी तनिक भी मनमुटाव नहीं हुआ. सरकारी नौकरी में आना और सेवानिवृत्त होना एक प्रक्रिया है, लेकिन शाजापुर उनके लिए नया था, लेकिन यहां के लोगों ने जो स्नेह दिया, वो हमेशा याद रखा जाएगा. इसके एक दिन पहले मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने मक्सी में एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान का विदाई समारोह आयोजित किया, जिसमें मक्सी के एसआई आजाद चौधरी जो सेवानिवृत्त हुए, उनका भी सम्मान किया गया.

### तीन पीढ़ी से कर रहे पुलिस की सेवा...

अंग्रेज शासन काल में एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान के दादाजी थानेदार के रूप में पुलिस में आए. फिर उनके पिता सूबेदार के पद पर भर्ती हुए. और सब इंस्पेक्टर पर गोपाल सिंह चौहान ने पुलिस की जिम्मेदारी संभाली. 42 साल की इस पुलिस की नौकरी में वे हर जगह अपनी छाप छोड़कर आए. उनके कार्यकाल में जो भी पुलिस अधिकारी रहा, वो आज भी गोपाल सिंह चौहान को अच्छे पुलिस अधिकारी के रूप में याद करता है.

## एक नजर में

### 1 जनवरी तक नहीं होगी भावांतर के तहत नीलामी

**शुजालपुर, 31 दिसंबर.** भावांतर भुगतान योजना पोर्टल का मेंटेनेंस कार्य होने के चलते कृषि उपज मंडी में दो दिनों तक भावांतर योजना तहत निलामी का कार्य नहीं होगा. कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर से मिली जानकारी अनुसार 30 दिसम्बर मंगलवार से 1 जनवरी गुरूवार तक भावांतर भुगतान योजना पोर्टल का मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है. इस कारण से 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक मंडी मे भावांतर योजना अन्तर्गत सोयाबीन का नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी समिति ने कृषकों से उक्त दिनांक को अपनी कृषि उपज सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत विक्रय के लिए नहीं लाने की.

### सदस्य पद के लिए मतगणना 2 को

**सोयतकलां, 31 दिसंबर.** पंचायत उप निर्वाचन अन्तर्गत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक एक सुसनेर में सदस्य पद के लिए मतगणना 2 जनवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई सुसनेर में होगी. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव द्वारा मतगणना हेतु पर्यवेक्षक और गणना सहायक की नियुक्ति कर दी गई है. कलेक्टर ने कुल 22 पर्यवेक्षक एवं 25 गणना सहायक की नियुक्ति की है. जिन्हें 31 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया.

### सेवानिवृत्ति पर भावसार को दी विदाई

**सोयतकलां, 31 दिसंबर.** विगत 40 वर्षों से भिन्न भिन्न स्कूलों में अपनी सेवा देने के उपरांत 31 मंगलवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय कवराखेड़ी सेवानिवृत्ति हुई प्रधान अध्यापक व अध्यापकों द्वारा भावसार को प्रशंसा पत्र शाल श्रीफल साफा पहनकर विदाई दी, विदाई अवसर पर अध्यापक रमेश चंद डांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भवसार अपने कर्तव्य के प्रति काफी सजक रहते थे, शिक्षक के साथ साथ वह समाज सेवा में भी अग्रणी रहते थे. नगर आगमन पर अध्यापक समाज जन व नगर वासियों द्वारा बैंड बाजो के साथ भावसार का जुलूस निकाला गया. जगह-जगह पुष्पमाला पहनकर लोगों द्वारा स्वागत किया गया.

### 224 मरीजों की आंखों की जांच हुई

**शुजालपुर, 31 दिसंबर.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा समाजसेवी स्व. ओमप्रकाश चौधरी की स्मृति में उनके सुपुत्र अंकुर चौधरी परिवार की ओर से सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी पर निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न हुआ. जिसमें 224 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी, रोहिणी यादव ने कर 52 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर बस द्वारा संत हिरदाराम नगर भेजा गया तथा 20 मरीजों को चश्मे के नंबर निकाल कर चश्मे की सलाह दी गई. इस शिविर में जिला सेवा सदन प्रभारी खुशीराम आचार्य, स्वप्निल जैन, हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, सुरेश परमार, मनोहर नायक, संतोष झालानी आदि का विशेष सहयोग रहा.

### उमंग हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम आयोजित



**शाजापुर, 31 दिसंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में उमंग उच्च शिक्षा व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में उमंग उच्च शिक्षा, हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीपी मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. जिसमें जिला अस्पताल से डॉ.पंकज पाटीदार व परामर्शदाता रितु मेवाड़ा ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया. डॉ.पाटीदार ने शरीर में जन्मजात विकृतियों के निदान के बारे में बताया. रितु मेवाड़ा ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य साक्षरता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए बनाए गए मनहित एप, उमंग हेल्पलाइन, टेलीमानस हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के उमंग वैलनेस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश निंगवाल व आभार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. नीलेश महाजन, डॉ.आरसी चौहान, प्रो.विनोद परमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य रासेयो स्वयं सेवक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### जिला प्रधान न्यायाधीश पहुंचे सब जेल


**शुजालपुर, 31 दिसंबर.** सब जेल शुजालपुर का जिला प्रधान न्यायाधीश शाजापुर आनंद कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया. इस दौरान विधिक सहयता अधिकारी शिखा शर्मा भी मौजूद रही. इस औचक निरीक्षण के दौरान सबजेल की व्यवस्थाओं को देखा गया और बंदियों से भी चर्चा की गई. सब जेल प्रशासन के अनुसार निरीक्षण के दौरान जेल की व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जाहिर की.

### कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक 3 व 4 को होगी

**शुजालपुर, 31 दिसंबर.** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मां पीतांबरा की नगरी दतिया में 3 एवं 4 जनवरी को होगी. जिसमे प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संभाग के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित प्रदेश के जिलो के जिला अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सम्मिलित होगे. उक्त जानकारी देते हुए के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि बैठक में प्रदेश के लगभग 52 जिलों के प्रतिनिधि शामिल होकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श कर करेगे. बैठक का उद्घाटन सत्र 3 जनवरी को होगा जिसमे कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा, संगठन विस्तार, जिलों में निर्वाचन आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी, 4 जनवरी को बैठक का समापन होगा.

# कॉलेज में घुसकर मारपीट करने वाले चार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज

## एनएसयूआई ने भी जताया विरोध, प्राचार्य की कुर्सी पर लगाया गूंगे, बहरे व अंधे का पोस्टर



**शाजापुर, 31 दिसंबर. लालघाटी थाना पुलिस ने कॉलेज में घुसकर छात्रों के साथ मारपीट करने व धमकाने के आरोप में चार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इस मामले को लेकर एनएसयूआई ने भी कॉलेज पहुंचकर विरोध जताया. हालांकि प्राचार्य के न होने से उनकी चर्चा तो नहीं हो सकी, लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य की कुर्सी पर गूंगे, बहरे व अंधे प्राचार्य का पोस्टर चस्पा कर अपना विरोध जताया.**

मंगलवार को नगर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में हुई मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था. वीडियो आने के बाद लालघाटी पुलिस ने कार्रवाई की है. इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. यह कार्रवाई छात्र विजय धाकड़ की शिकायत पर की गई है. लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि फरियादी विजय धाकड़ 22 निवासी सुनेरा बीकेएसएन कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है. छात्र ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब 1.30 बजे वह कॉलेज परिसर में धूप में बैठा था. इसी दौरान पुरानी रंजीश को लेकर विकास सावले अपने साथियों मनीष नाथ, बालू सौराष्ट्रीय और मनीष पवैया के साथ वहां पहुंचा. उन्होंने छात्र के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी. जब छात्र ने गाली देने से मना किया, तो चारों ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की. शिकायत के अनुसार विकास सावले ने पास पड़े लोहे के पाइप से छात्र के सिर पर वार कर घायल कर दिया. मारपीट के दौरान विजय के दोस्त अरविंद चोखटिया और सुनील गुर्जर बीच बचाव करने पहुंचे. आरोपी जाते-जाते छात्र को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए. पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से पहले घायल छात्र का मेडिकल कराया है और मामले में आगे की जांच जारी है.

### समझाने के बदले हुआ विवाद

पीड़ित छात्र विजय धाकड़ ने बताया कि हमलावरों का आपसी विवाद चल रहा था. उसने सोमवार को एक्सीलेंस ग्राउंड में उन्हें समझाने की कोशिश की थी. उसी दौरान एक युवक को थप्पड़ लग गया था. इसके बाद मंगलवार को ये लोग 15-20 की संख्या में धोखे से आए और उस पर हमला कर दिया.

### एनएसयूआई ने जताया विरोध...

इस घटना के विरोध में बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रभारी प्राचार्य से चर्चा करने पहुंचे, लेकिन प्राचार्य कॉलेज में मौजूद नहीं थे. नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य की कुर्सी पर एक पोस्टर चिपका दिया, जिस पर विरोध स्वरूप गूंगे, बहरे, अंधे प्राचार्य लिखा था. कार्यकर्ता रोहित ने बताया कि कॉलेज में बाहरी लोगों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की गई, जो निंदनीय है. संगठन इस गंभीर मामले को लेकर प्राचार्य से बात करना चाहता था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण संवाद नहीं हो सका. रोहित के अनुसार आरसी चौहान से चर्चा की गई, जिन्होंने बताया कि प्राचार्य के लौटने के बाद ही इस विषय पर बात रखी जा सकेगी. उन्होंने मांग की है कि कॉलेज परिसर में आने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा का ड्रेस कोड और परिचय पत्र अनिवार्य रूप से जांचा जाए. संगठन का कहना है कि जो लोग इन नियमों का पालन नहीं करते, उसे बाहर किया जाए.



### पुस्तक पढ़कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया

**शुजालपुर, 31 दिसंबर.** डाइट शाजापुर की टीम ने एफएलएन मेले के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र बालक नगर शुजालपुर क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया. इस दौरान एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपलोद, एकीकृत हाई स्कूल रायपुर, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय दुबड़िया तथा प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय खेड़ा बोलदा का अवलोकन किया गया. निरीक्षण के दौरान कक्षा 1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों की दक्षता जांची गई. सभी विद्यालयों में बच्चे गणवेश में उपस्थित पाए गए. खेड़ा बोलदा में कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने पुस्तक पढ़कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया. एफएलएन मेले के आयोजन एवं बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता से प्रभावित होकर डाइट निरीक्षण टीम ने विद्यालयों की सराहना की तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन वितरित किए. टीम द्वारा पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अंग्रेजी विषय पर विशेष ध्यान देने तथा जो बच्चे अपेक्षित दक्षता प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, उनकी दक्षता समय-सीमा में पूर्ण कराने के सुझाव दिए गए. टीम द्वारा पिपलोद विद्यालय में पीएम पोषण योजना की गुणवत्ता भी जांची गई. निरीक्षण दल में अशोक कारपेंटर, एमडी शर्मा उपस्थित रहे.

# स्कूली छात्रों को कॉलेज प्रवेश की जानकारी दी

## दस्तावेजों के संबंध में भी बताया

**शुजालपुर, 31 दिसंबर. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में प्रवेश समिति द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई. प्रवेश में संलग्न समस्त डॉक्यूमेंट के बारे में महाविद्यालय प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई.**




उक्त जानकारी प्रवेश समिति नोडल अधिकारी डॉ मुकेश सिंह मेवाडा ने दी. डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने विभिन्न प्रकार की शासन की छात्रवृत्तियों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया. छात्रों को प्रवेश के लिए अपार आईडी एवं डिजिलॉकर से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई. सत्र 2026- 27 में प्रवेश के लिए छात्रों को अनावश्यक परेशानियों से बचने के लिए यह जानकारियां कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रदान की गई. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने छात्रों की ड्राप आउट रेट जीरो करने निर्देश दिए. विद्यालय प्राचार्य अल्पना राणा, बने सिंह मेवाडा एवं अन्य शिक्षक साथियों ने कॉलेज चलो अभियान में सहयोग किया. उक्त समिति के साथ जयेश मालवीय, योगेंद्र लववंशी, डॉ. शाकिब मालिक का मार्गदर्शन भी छात्र-छात्राओं को मिला.

### गणना पर्यवेक्षक और सहायक को दिया प्रशिक्षण

**सोयतकलां, 31 दिसंबर.** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद वार्ड क्रमांक 01 के लिए मतों की गणना 02 जनवरी को आईटीआई सुसनेर में होगी. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में बुधवार को मतगणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक को कलेक्टर सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया. मास्टर ट्रेनर रजनीश स्वर्णकार और इरफान खान द्वारा गणना पर्यवेक्षक और सहायक को उनके दायित्वों से अवगत करवाते हुए मतगणना की हर एक बारीकी पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया.

# सुलभ शौचालय तोड़कर बनाई दुकानें

**शाजापुर, 31 दिसंबर. नई सड़क के पास नीमवाड़ी में नगर पालिका द्वारा बनाए गए शौचालय को हटाकर दुकानें बनाई गई हैं. इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

व्यापारियों ने इसे लेकर कलेक्टर को शिकायत की है. आवेदन में बताया गया है कि शहर के प्रमुख मार्ग नई सड़क पर अब एक भी सुलभ शौचालय नहीं है. वर्षों से मौजूद एकमात्र सुलभ शौचालय को भी तोड़कर उसके स्थान पर दुकानों का निर्माण कर दिया गया है. स्थानीय व्यापारियों और आमजनों के लिए यहां सुलभ शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं बची है. नगर पालिका ने पहले एक चलित पेशाब घर की व्यवस्था की थी, लेकिन उसे भी बाद में हटा दिया गया. व्यापारियों ने बताया कि पेशाब घर हटाए जाने के बाद उन्हें चौक बाजार या बस स्टैंड तक जाना पड़ता है, जिसकी दूरी लगभग आधा किलोमीटर है. शुगर से पीड़ित मरीजों को भी इस कारण विशेष दिक्कतें हो रही हैं. शौचालय घर के अभाव में लोगों को काफी परेशानी हो रही है. स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से तत्काल यहां सुलभ शौचालय की व्यवस्था करने की मांग की है.

## एक नजर में

### विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में प्रतिदिन बढ़ रही भक्तों की संख्या

# नववर्ष के आगाज से पहले मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

**नलखेड़ा, 31 दिसंबर. नववर्ष के आगाज से पहले ही विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी के मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है. वर्ष 2025 की विदाई और नव वर्ष 2026 का स्वागत भगवान के दर्शनों के साथ करने के लिए मंदिरो में भक्तों का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया है. नए साल के पहले उमड़ रही भीड़ को देखकर मंदिर प्रशासन का दम फूलने लगा है. शनिवार को तथा रविवार सुबह भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने अपनी बनाई व्यवस्था में परिवर्तन किया गया.भीड़ नियंत्रण के लिए भक्तों को बेरी गेट्स लगाकर उसमें घूम कर दर्शन कराया जा रहा है. जिस की भीड़ नियंत्रण हो सके. वहीं अभी 1 जनवरी बाकी है.**

रविवार को बीस हजार से अधिक देश के कोने कोने से आए श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर मां के दर्शन करें, दर्शन के लिए भक्तों को काफी इंतजार भी करना पड़ा लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई. इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था. रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो शाम तक जारी थी. मंदिर पर प्रात:काल से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थी. यहां पहुंचने वाले भक्त माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट कर रहे थे.

### पूछताछ केंद्र व पुलिस सहायता केंद्र की हो व्यवस्था...

मंदिर परिसर में एक पूछताछ केंद्र व पुलिस सहायता केंद्र आवश्यक हो गया है. जहां देश के विभिन्न स्थानों से आने वाले दर्शनार्थी मंदिर की विभिन्न व्यवस्थाओं के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों आदि की जानकारी प्राप्त कर सके. साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या आने पर इस केंद्र पर पहुंचकर सहायता प्राप्त कर सके. अब चूंकि नववर्ष में मात्र दो दिनों का समय शेष रहा है जिसमे इस वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बुधवार होगा. इस दिन भी बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचेंगे. ऐसे में प्रशासन व मंदिर प्रबंध समिति को व्यवस्थाओं की जा रही है.



मंदिर क्षेत्र में मंत्रोच्चार, जाप, तप, हवन, अनुष्ठान का सिलसिला चल रहा है. मंदिर प्रांगण में रविवार कोई वीआईपी व राजनेताओं द्वारा भी दर्शन पूजन किया गया. मंदिर प्रांगण मे रविवार को छ सौ से अधिक हवन हुए. मंदिर समिति तथा प्रशासन द्वारा रविवार को गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है. भक्तगण सभा मंडप से ही माता रानी के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शाति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई.